भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 17.07.2025

## महानिदेशक (आर.डी.एस.ओ) का आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट में दौरा

महानिदेशक अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) लखनऊ उदय बोरवणकर ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट रायबरेली का दिनांक–17.07.2025 को दौरा किया। श्री बोरवणकर ने कोच एवं फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की।

महानिदेशक (आरडीएसओ) ने शेलशॉप, बोगीशॉप, व्हीलशॉप एवं फर्निशिंगशॉप, फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट आदि का निरीक्षण किया। शेलशॉप में निरीक्षण के दौरान कोच वेल्डिंग की गुणवत्ता, साइडवाल, लेजर कटिंग मशीन, कोच रूफ वेल्डिंग, तथा मशीनों की कार्य दक्षता का अवलोकन किया ।

आगे इसी क्रम में आरेडिका प्रशान्ति परिसर का दौरा किया। प्रशान्ति परिसर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आरेडिका में किए जा रहे विभिन्न कार्यों जैसे– वर्षा जल संरक्षण के लिए नवनिर्मित तालाबों, वर्षा जल संचयन बिन्दुओं एवं मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण कर विकसित किये जा रहे क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर आरेडिका के पीएफए बीएल मीना, पीसीईई मनोज कुमार जिंदल, पीसीई सत्य प्रकाश यादव, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक अकमल वदूद तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

17/7/2025

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी